चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/124 दिनांक : 11.05.2026

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की एल0एल0बी0 परीक्षायें दिनांक 12.05.2026 से तथा एन0ई0पी0 परास्नातक परीक्षायें दिनांक 15.05.2026 से आयोजित होनी है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय सर्वप्रथम राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों की अन्य सरकारी कार्यो में व्यस्तता के कारण इन महाविद्यालयों में संचालित परीक्षा केन्दों में कक्ष निरीक्षकों की कमी होना स्वाभाविक है।

ऐसे स्ववित्त पोषित महाविद्यालय जो स्वयं परीक्षा केन्द्र नहीं हैं एवं जिनका परीक्षा केन्द्र किसी अन्य महाविद्यालय में निर्धारित किया गया हैं, से अपेक्षा की जाती है कि समुचित संख्या में अपने शिक्षक परीक्षा केन्द्रों (जहाँ उनके छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है) को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परीक्षा केन्दों पर पर्याप्त कक्ष निरीक्षक उपलब्ध हो सके।

उक्त व्यवस्था के अंतर्गत परीक्षा केन्द्र यह ध्यान रखे की किसी महाविद्यालय के शिक्षक को उसी महाविद्यालय के छात्रों का कक्ष निरीक्षक न बनाया जाये।

11/05/26

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। ऐसे स्ववित्त पोषित महाविद्यालय जो उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं करते है की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. नोडल अधिकारी समर्थ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
6. सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निर्देश से अपने स्तर से भी सम्बन्धित महाविद्यालयों को अवगत करायें।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

11/05

उप कुलसचिव (परीक्षा)

बड़ौत (बागपत)